**एक्स-रे फिल्मों का उत्पादन, वितरण तथा आयात**

5007. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने एक्स-रे फिल्मों का निर्माण आरम्भ करने के पश्चात् आयात लाइसेंस जारी करना बन्द कर दिया था;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी उच है कि भारत में बनाई जाने वाली एक्स-रे फिल्मों को प्रत्यक्ष रूप से नहीं बेचा जा रहा है बल्कि इन एक्स-रे फिल्मों को काले बाजार में डाक्टरों के हाथ बेचा जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो भारत में एक्स-रे फिल्मों की मांग कितनी है;

(घ) हम इस मांग को किस हद तक पूरा करने की स्थिति में हैं;

(ङ) क्या सरकार ने इस के लिए फिर से आयात लाइसेंस देना आरम्भ कर दिया है; और

(च) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**औद्योगिक विकास, आंतरिक व्यापार तथा समवाय-कार्य मंत्री (श्री फखरुद्दीन अली अहमद) :** (क) जी नहीं।

(ख) हिन्दुस्तान फोटो फिल्म में तैयार की गई एक्स-रे फिल्में अधिकृत विक्रेताओं द्वारा बेची जा रही हैं। सरकार को चोर बाजार में इनके बेचे जाने का कोई मामला प्राप्त नहीं हुआ है।

(ग) देश की वर्तमान एक्स-रे फिल्मों की अनुमानित आवश्यकता 10 लाख वर्ग मीटर प्रति वर्ष है।

(घ) 1968-69 में एक्स-रे फिल्मों का उत्पादन 3.55 लाख वर्ग मीटर था तथा इसके 1969-70 में 7.15 लाख मीटर तक बढ़ जाने की आशा है।

(ङ) और (च)० किसी भी स्थिति में एक्सरे फिल्मों का आयात बन्द नहीं किया गया था। देशी उत्पादन से पूरी न की जा सकने वाली एक्स-रे फिल्मों की आवश्यक मांग को पूरा करने की सीमा तक फिल्मों का आयात बराबर किया जा रहा है।

**नई दिल्ली स्टेशन पर देहरादून एक्सप्रेस का रुकना**

5008. **श्री ओंकार लाल बेरवा :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देहरादून एक्सप्रेस जो पहले दिल्ली मेन स्टेशन पर रुका करती थी अब केवल नई दिल्ली स्टेशन पर रुकती है; और

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

**विधि तथा समाज कल्याण और रेलवे मंत्री (श्री गोविन्द मेनन) :** (क) जी नहीं। 19 डाउन/20 अप बम्बई सेन्ट्रल-देहरादून एक्सप्रेस गाड़ियां नयी दिल्ली और दिल्ली दोनों ही स्टेशनों पर ठहरती हैं।

(ख) सवाल नहीं उठता।

**INDIA'S ASSISTANCE FOR LAYING RAILWAY TRACKS IN SYRIA**

5009. SHRI S. C. SAMANTA : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) the progress of laying Railway tracks for a certain port town in Syria, a project report for which was submitted to Government some time ago; and

(b) by what time the work is likely to be taken in hand and what kind of assistance or guidance India is offering ?

**THE MINISTER OF LAW AND SOCIAL WELFARE AND RAILWAYS (SHRI GOVINDA MENON) : (a) and (b).** It is understood that the State Trading Corporation of India have submitted an offer to the Government of Syria for providing expert technical advice for a detailed